## सार-समाचार

### जिला खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**जालोर,** (कासं)। स्वस्थ राष्ट्र-समृद्ध राष्ट्र थीम व फिट इण्डिया थीम के साथ जिला स्तरीय खेलकूद का समापन समारोह पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य छगनाराम माली ने युवाओं को नियमित खेल से शारीरिक व मानसिक विकास पर बल देते हुए राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने की बात कही। जिला कौशल समन्वयक राधेश्याम वैष्णव ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन और टीम वर्क का भी प्रतीक हैं। नेहरु युवा केंद्र जिला सलाहकार समिति सदस्य हेमेन्द्र सिंह बगेडिया ने प्रतिभागियों को अपने खेल कौशल को निखारने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने बताया कि कबड्डी में आहोर के नेहरु युवा मंडल जैतपुरा ने बागोडा के नेहरु युवा मंडल जैसावास टीम को हराकर विजेता बनी। रस्साकशी में जालोर की टीम चैंपियनबनी। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में जीतेन्द्र कुमार प्रथम स्थान, दशरथ कुमार द्वितीय व उम्मेदाराम तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में दिव्या सोनी प्रथम, कुसुम सुथार द्वितीय व विजय लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में जितेन्द्र कुमार, संजय कुमार व कांति लाल प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे वही बालिका वर्ग में कुसुम सुथार, दिव्या व दीपिका सैन ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका शारीरिक शिक्षक असलम खान, महबूब खान, नरेश कुमार, महेंद्र सिंह लम्बा, शिवदत्त शर्मा आदि ने निभाई। इस अवसर पर प्रियंका शर्मा, लेखा सहायक अमित सचदेवा, खसाराम माली, स्वयंसेवक रघुनाथ राम, प्रकाश कुमार व मनोहर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### दसवीं-बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं आज से

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं छह मार्च से शुरू हो जाएगी। परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियां शिक्षा विभाग ने पूरी कर ली हैं। इस वर्ष परीक्षाएं एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक रहेगा। कक्षा 10वीं की परीक्षा 6 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेगी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 6 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगी। परीक्षा के लिए जोधपुर जिले में 255 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जोधपुर जिले में बोर्ड परीक्षाओं में 88 हजार 920 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। जिले के 255 परीक्षा केंद्रों में से 253 में उच्च माध्यमिक और दो परीक्षा केंद्रों पर माध्यमिक स्तर के बच्चों की परीक्षा होगी। परीक्षा में 40 हजार 708 बच्चे दसवीं कक्षा और 48 हजार 212 स्टूडेंट्स बारहवीं कक्षा के परीक्षा देंगे। इस बार बोर्ड ने पूर्व के तीन परीक्षा केंद्रों को हटाकर छह नए परीक्षा केंद्र बनाए है। वहीं जिले में छह संवेदनशील व आठ अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र चिन्हित किए गए है। सभी 255 परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्न पत्रों का वितरण कर दिया किया गया है। परीक्षा के दौरान 241 परीक्षा केंद्रों की वीडियो रिकार्डिंग होगी, जबकि 14 परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी लगाए गए है, जिनको सीधे डीईओ या बोर्ड कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है।

### वीर वीरमदेव कॉलेज को प्रशंसा पत्र

**जालोर,** (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,जालोर को एनएएसी से श्रेष्ठ ग्रेड प्राप्त होने पर डॉ. ओमप्रकाश बैरवा, (आयुक्त) आयुक्तालय उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। प्राचार्य अर्जुन सिंह उज्ज्वल ने बताया कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के त्रिसदस्यीय दल ने दिसम्बर माह में महाविद्यालय का भौतिक, अकादमिक (शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक) गतिविधियों का गहन अध्ययन कर महाविद्यालय को बेहतरीन ग्रेडिंग दी। नैक निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय के शैक्षणिक परिवेश को सराहा तथा महाविद्यालय भवन, खेल मैदान, हॉस्टल, पुस्तकालय एवं हरित वातावरण के साथ स्वच्छ परिसर को अनुकरणीय बताया। इसके अलावा बेस्ट प्रैक्टिस के तहत विद्यार्थियों द्वारा सप्ताह में एक दिन राजस्थानी परिधान पहनने जैसे नवाचार को अपनाने की प्रशंसा करने के साथ ही इसे नैक टीम ने भी संस्कृति व संस्कारों के उन्नयन के लिए महत्वपूर्ण बताया। नैक टीम द्वारा करीब 20 वर्षों के पश्चात् निरीक्षण किया गया। जिसके बाद कॉलेज को श्रेष्ठ ग्रेड मिला। महाविद्यालय की यह उपलब्धि प्राचार्य, संकाय सदस्यों, प्रशासनिक कर्मचारियों, छात्रों के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढावा देने और छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### आहोर पंचायत समिति में कार्यशाला हुई

**आहोर,** (निसं)। पंचायत समिति सभागार में बुधवार को खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में धर्म गुरूओं एवं प्रभावशाली लोगों की कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें तकरीबन 35 लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यशाला में डॉक्टर मनोज कुमार डूडी बीसीएमओ आहोर ने पीटीएस के अनुसार जहां टीकाकरण कम है उन क्षेत्रों में टीकाकरण कवरेज बढाने एवं नियमित टीकाकरण से लोगों को जोडने और जागरूक करने पर बात की। यूनिसेफ आईसीडीएस जिला समन्वयक सुनील सोलंकी ने जीरो से दो वर्ष तक के बच्चों में टीकाकरण के दुरगामी फायदाओं के बारे में समझाया। डब्ल्यूएचओ आरआरटी डॉ. अनीता चौहान ने ब्लॉक में टीकाकरण की गति में बाधा डालने वाले कारणो पर जोर देखकर उनसे निजात पाने के उपाय के बारे में चर्चा की। पूर्व व्याख्याता एवं पंडित रमेश कुमार दवे द्वारा टीकाकरण के प्रति मां और ममता की कविता सुनाकर जागरूक किया। इस कार्यशाला में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जितेंद्र सिंह और अशोक कुमार की ओर से जीरो डोज टीकाकरण पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से समझाया गया।

### गर्ग ने दिया कुमारी को लिखा पत्र

**जालोर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने राज्य की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी को जालोर में कार्यालय उप निदेशक, पर्यटन विभाग खोले जाने के लिए पत्र लिखा है। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने पत्र के माध्यम से जालोर क्षेत्र को गोडवाड सर्किट में सम्मिलित किये जाने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि गोडवाड सर्किट में सम्मिलित होने से जालोर में पर्यटन संबंधी गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी एवं पर्यटकों की संख्या बढ़ने से स्थानीय आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। जालोर के पर्यटन नक्शे पर जालोर किला मुख्य आकर्षण है। इस दुर्ग तक सुलभ आवागमन के लिए नवीन रोड़ का कार्य प्रस्तावित है जो जल्द ही पूर्ण हो जायेगा। इससे भी पर्यटकों की संख्या में और बढ़ोतरी होगी। उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी से आग्रह किया कि जालोर पर्यटन के एक मुख्य केन्द्र के रूप में उभर रहा है। पर्यटकों को समुचित सुविधाएं प्राप्त हो सकें। इसकी सुनिश्चितता के लिए जालोर जिला मुख्यालय पर उप निदेशक, पर्यटन विभाग खोले जाने की नितांत आवश्यकता है।

### मिनी मैराथन से नशे से दूरी का संदेश

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में कमिश्नरेट पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे मिशन संकल्प के समापन पर आज सुबह मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधिकारी व जवानों के साथ कॉलेज और स्कूली विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। डीसीपी पश्चिम के अशोक उद्यान स्थित कार्यालय से आज सुबह यह मिनी मैराथन रवाना हुई। मिनी मैराथन को डीसीपी पश्चिम राजर्षि राज वर्मा, एनसीबी के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी और अन्य अधिकारियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मिनी मैराथन शास्त्री नगर सर्किल तक निकाली गई। इसमें पुलिस अधिकारियों और जवानों के साथ समाजसेवी, कॉलेज और स्कूली विद्यार्थियों के अलावा महिलाओं ने भी भाग लिया।

### मुख्यमंत्री आज जोधपुर आयेंगे

**जोधपुर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को जोधपुर आयेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार, 6 मार्च को सांय 5.45 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा सांय 6 बजे उम्मेद भवन पैलेस जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार श्री शर्मा सांय 6 से 7 बजे उम्मेद भवन पैलेस में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा सांय 7.10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचकर सांय 7.15 जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के विवेक विहार थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। विवेक विहार थाना पुलिस ने बताया कि बालोतरा जिले के पचपदरा थानान्तर्गत खेत गांव निवासी विशनाराम पुत्र दानाराम भाट ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई पुखराज विवेक विहार क्षेत्र में रेलवे ट्रेक से निकल रहा था।

# तनोट राय माता मंदिर परिसर में शिवाजी की जयंती मनाई

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। मराठा टाइगर फोर्स की ओर से भारत पाकिस्तान सीमा के निकट श्री तनोट राय माता मंदिर क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर देश की सेवा कर रहे सीमा सुरक्षा बल के जवान उपस्थित थे। कई व्यक्तियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल 166 चैनल के कमांडेंट वीरेंद्र पाल सिंह, मराठा सेवक विजय अप्पा बाराटे, सीमा सुरक्षा बल 166 चैनल के कांस्टेबल महिपाल सिंह, लोहावट फलोदी के कांग्रेसी नेता भजन इसरवाल बिश्नोई, सीमा सुरक्षा बल के उप निरीक्षक विजय कुमार शर्मा, तनोट गांव के सरपंच इंदर सिंह, शिवसेना के अतुल दिघे के साथ कई जने उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रसिद्ध विधि विशेषज्ञ एड.मिलिंद पवार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिनेश खत्री, जल संरक्षक चरण सिंह जाम, युवा भूषण आजाद सिंह टाक को छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही इन कार्यक्रमों में देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए काम करनेवाले भारतीय सेना के जवानों को भी छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को मान वंदना देकर पुष्पहार अर्पित करके जिजाऊ वंदना ने कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

इसके बाद शिव जयंती के अवसर पर राजस्थानी कलाकारों ने शिवाजी महाराज पर आधारित एवं देशभक्ति गीतों से उपस्थित शिव प्रेमियों का दिल जीत लिया।

प्रमुख अतिथि वीरेंद्र पाल सिंह ने छत्रपति शिवाजी महाराज के विचार किस प्रकार धर्मनिरपेक्ष थे, इस पर मार्गदर्शन दिया।

भजन इसरवाल बिश्नोई ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का इतिहास न केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि देश के सभी राज्यों में उनकी स्थानीय भाषाओं में एक संपूर्ण पुस्तक के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए।

पुरस्कार को जबाव देते हुए एडवोकेट मिलिंद पवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक सद्भाव और शिव विचार की युवा पीढ़ी के लिए वास्तविक समय की आवश्यकता हो गई है। चतर सिंह जाम ने शिव युग के दौरान जल संरक्षण पर मार्गदर्शन किया और आज़ाद सिंह टाक ने आज की युवा पीढ़ी को शिव विचार से प्रेरित होकर काम करने के लिए मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम का निर्देशन मराठा टाइगर फोर्स के संस्थापक अध्यक्ष व राजस्थान राज्य शिवजयंती महोत्सव समिति के प्रमुख संदीप लहाने पाटिल ने किया। सूत्र संचालन मराठा सेवक व्यंकटेश देशमुख और आभार प्रदर्शन सहउत्सव प्रमुख शरद लोंढे व मराठा सेवक रमेश पाटिल ने किया।

कार्यक्रम का सफल नियोजन संदीप लहाने पाटिल, शरद लोंढे, विशाल लहाने पाटिल, विजय आप्पा बराटे, व्यंकटेश देशमुख, रमेश पाटिल, जगदीश दिघे, नरेंद्र मुहे, यशवंत जगताप, संपत शिंदे, बबन घाडगे, अशोक देशमुख द्वारा किया गया।

राजस्थान और मुख्य रूप से जैसलमेर के स्थानीय शिव प्रेमियों और सीमा सुरक्षा बल के हमारे महाराष्ट्र जवानों और उनके परिवार की सभी महिला सदस्यों ने महाराष्ट्रीयन पोशाक पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया।

सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के कार्यक्रमों में बहुमूल्य योगदान दिया और कार्यक्रम की योजना में सहयोग किया और कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



**मराठा टाइगर फोर्स ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास श्री तनोट राय माता मंदिर क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई।** फोटो-राष्ट्रदूत

# शारीरिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**जालोर,** (कासं)। जालोर में रोटरी क्लब जालोर एवं श्रीनाथ हॉस्पीटल जालोर के संयुक्त तत्वावधान में 7 दिवसीय विशाल संपूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसमें बुधवार को काफी संख्या में मरीजो ने स्वास्थ्य जांच करवाई यह शिविर 9 मार्च तक चलेगा, जिसमें बडी संख्या में लोगों को स्वास्थ्य जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर का उद्देश्य लोगों को समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित करना है, जिससे वे भविष्य में होने वाली बीमारियों से बचाव कर सकें।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष संजय सुंदेशा ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बडी संपत्ति है, और ऐसे शिविर समाज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं। रोटरी क्लब सचिव सीए जीशान अली ने कहा कि यह शिविर लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांचे करवाई जा रही हैं। इस पहल से लोगों को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। शिविर में सीए मोहन पाराशर, सहायक प्रांतपाल डॉ. पवन ओझा, नंद किशोर जैथलिया, डुंगरसिंह राठौड ,डॉ.किरण प्रजापति सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इस शिविर के अंतर्गत हार्ट, किडनी, लिवर, थायरॉइड, विटामिन, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड जैसी महत्वपूर्ण जांचें की जा रही हैं। खास बात यह है कि घर से सैंपल लेने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, शिविर का आयोजन श्रीनाथ हॉस्पिटल, लक्ष्मी प्लाजा, नगर परिषद के पीछे, जालोर (राज.) में किया जा रहा है, जहां सुबह 7 बजे से 11 बजे तक लोग अपनी जांच करवा सकते हैं। रोटरी क्लब जालोर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें।

### प्रतापपुरी महाराज खर्रा व खींवसर से मिले

**पोकरण,** (कासं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा से पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने जयपुर में मुलाकात कर पोकरण नगरपालिका क्षेत्र में विभिन्न विकास के कार्यो को करवाने व पालिका में रिक्त पडे पदों को भरने की मांग की।

महंत ने ज्ञापन में बताया कि विश्व पटल पर पोकरण एक अलग पहचान रखता हैं। शहर में पर्यटन, कला, सौंदर्यकरण व विकास की दृष्टि से कई कार्य करवाए जाने हैं जिसके लिए अलग से बजट स्वीकृत किया जाए। नगरीय विकास में शक्ति स्थल, खेल स्टेडियम, ऐतिहासिक तालाबों का जीणोद्धार, सडक निर्माण व डिवाइडर, पार्कों का डेवलपमेंट जैसे कार्य करवाए जाने हैं। नगरपालिका पोकरण में लंबे समय से अधिकारियों व कर्मचारियों के रिक्त पदों को अविलंब भरा जाए जिससे आमजन को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं विधायक महंत ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर से मिलकर चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ करने व डॉक्टर व अन्य चिकित्सा कर्मियों के रिक्त पदों को भरने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि पोकरण में एनएम/ जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर स्वीकृत किया जाए।

# डेयरी की आड़ में अवैध शराब का कारोबार

**जोधपुर,** (का.सं.)। शहर की माता का थान पुलिस ने एक डेयरी पर रेड देकर अवैध शराब बरामद की। माता का थान थानाधिकारी भंवर सिंह ने कीर्ति नगर में एक डेयरी दुकान में दबिश देकर संचालक आकाश सिंह को पकड़ा। डेयरी में 25 बोतल बीयर, 41 बीयर केन , अंग्रेजी शराब के 23 व देशी शराब के 71 पव्वें और शराब बेच कर अर्जित की गई 4830 रूपये की नकदी जब्त की। सदर कोतवाली थाने के एएसआई नानक राम ने लखारा बाजार चित्रा सिनेमा के पास चन्द्रकांता को पकड़ा। भगत की कोठी थाने के हैड कांस्टेबल सुखाराम ने कार रिपेयर वर्कशॉप के पास गौरन रलाहन पंजाबी को गिरफ्तार कर बेचने को रखी बीयर की बोतलें जब्त की। एयरपोर्ट थाने के एएसआई भंवराराम ने सांसी कॉलोनी पांच बत्ती क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेच रहे धनाराम सांसी को पकड़ा।

# रघुनाथ मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव पर भामाशाहों का सम्मान किया

**पाली,** (नि.सं.)। श्री बाह्माण स्वर्णकार समाज संस्थान के तत्वावधान में आयोजित श्री रघुनाथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तृतीय दिवस पर हवन यज्ञ एंव भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर समाज के उन व्यक्तियों और दानवीरों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने मंदिर निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा एवं धार्मिक आयोजनों में सहयोग किया।

समिति सदस्य कंवरलाल मण्डोरा ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धा से परिपूर्ण अवसर पर निद्राकलश, शय्यादिवास, मिष्ठानधिवास एवं औषधि अर्पण की रस्में पूरी की गईं। हवन में भक्तों ने भगवान श्री रघुनाथजी से समाज एवं संपूर्ण मानवता के कल्याण की प्रार्थना की।

महोत्सव के अंतर्गत निद्राकलश एवं शय्यादिवास की विधि पूर्ण की गई, जिसमें भगवान की शय्या को भव्य रूप से सजाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान के विश्राम की दिव्य अनुभूति प्राप्त की और मंगल आरती की गई।

भगवान के दिव्य श्रृंगार और अभिषेक की शृंखला में मिष्ठानधिवास की रस्म भी संपन्न हुई, जिसमें विविध प्रकार के मिष्ठानों का अर्पण किया गया। इसके बाद औषधि अर्पण की विशेष पूजा संपन्न हुई, जिसमें जडी-बूटियों एवं औषधियों के माध्यम से भगवान को स्वस्थ एवं आरोग्य रूप में स्थापित करने की परंपरा निभाई गई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के वरिष्ठजन, धर्माचार्य और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। समिति सदस्यों द्वारा भामाशाहों को पुष्पमालाएं, शॉल और सम्मान पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान समाज के प्रमुख वक्ताओं ने भामाशाहों के योगदान की सराहना की और समाज की एकता एवं समर्पण को बनाए रखने पर जोर दिया।

समारोह में समाज के उन्नित और विकास के लिए भामाशाहों के सहयोग की महत्ता पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज में ऐसे महादानी और सेवाभावी व्यक्तित्वों के कारण ही धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण संभव हो पाता है।

भामाशाहों ने समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक कार्यों में योगदान देने का संकल्प लिया।

आयोजन में डॉ एल एन सोनी , कंवरलाल, अरविन्द, नन्दकिशोर, शांतिलाल, हरिगोपाल, रामलाल, पुखराज ,जयेश, हक्मी देवी, मंजू, रिकूं, उमराव देवी , गुणवंती, कमलादेवी, लता, हितेश , मोहित, राजेश , गौरव, दीपक, नवीन सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं लोग उपस्थित रहे।

6 मार्च को हवन, मूर्तियों का उत्थापन व अभिषेक, मोबण, तोरण, प्रात: 10 बजे मूर्तियो का मन्दिर में प्रवेश, का प्राण प्रतिष्ठा व हवन पुर्णाहुति व महाआरती का आयोजन रहेगा।



**पाली में श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज संस्थान के तत्वावधान में आयोजित श्री रघुनाथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हवन यज्ञ एंव भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

## सार-समाचार

### अमृत भजन मंडली ने फागोत्सव मनाया

**जोधपुर,** (कासं)। अमृत भजन मंडली की महिलाओं द्वारा होली पर्व से पूर्व बुधवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ फागोत्सव मनाया गया। मंडली की श्रीमती गीता माछर ने बताया कि पाल रोड अमृत नगर स्थित शिव मंदिर में महिलाओं ने फागोत्सव बडे ही धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर नीरू राठौड व अंजु मोयल ने सभी महिलाओं को रंग बिरंगे दुपट्टे पहनाकर व गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया तथा ऋतु पुष्पों व गुलाल से होली खेली। कार्यक्रम में गीता माछर, चंचला दवे, राजकुमारी कालानी व हेमलता शर्मा के होरिया, शलील गायन व फाग गीतों पर सभी महिलाएं झूम उठी। प्रतियोगिता की विजेता महिलाओं को पिचकारी व गुलाल प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में गीता माछर, मीना साबु, नीरू राठौड, अंजु मोयल, चंचला दवे, उषा कोठारी, राजकुमारी गुप्ता, कविता राठी, हेमलता शर्मा, भगवती गोयल, सुशीला मूंदड़ा, वर्षा मेहता, खुशबु परिहार, मीना लद्दड, योगिता मालपानी, विजयलता भंडारी, पुष्पा अग्रवाल, राजकुमारी कालानी, शोभा शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### आयुर्वेद वि.वि. में यौगिक षट्कर्म

**जोधपुर,** (कासं)। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आज यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज के स्वच्छ, शान्त एवं प्राणऊर्जा से भरपूर वातावरण मेंयौगिक षट्कर्म शिविर का शुभारंभ हुआ। यौगिक षट्कर्म शिविर के प्रथम दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रभान शर्मा के सानिध्य में 50 छात्र -छात्राओं ने प्रात: 7:00 से 9:00 तक दन्तरक्षक एवं मुख रोगों से बचाव में अति लाभकारी नीम वृक्ष की दातुन एवं उसी की जिव्हा निर्लेखनी बनाकर मुख शुद्धि के बारे में जाना। तत्पश्चात सभी ने पहले जलनेति क्रिया के गुर सीखे एवं अभ्यास किया तत्पश्चात जलनेति के संपूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए भस्त्रिका एवं सूर्यभेदी प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया ।इस अवसर पर डॉ शर्मा द्वारा नीम की दातुन एवं जलनेति से होने वाले फायदे और सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम दिवसीय शिविर का समापन ध्यान एवं शांति पाठ से किया गया।

### कपड़े व रुपए चुराने का केस दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। आरोप है कि शोरूम में काम करने वाले कर्मचारियों ने बिना बिल कपड़े बेचकर ग्राहकों से मिलने वाले रुपए अपने पास रख लिए और शोरूम से कपड़े और रुपए भी चोरी कर लिए। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। थाने में दी रिपोर्ट में त्यागी नगर, आगरा निवासी सुमित वर्मा ने बताया कि वह वर्तमान में मोंटिल शोरूम सरदारपुरा का एरिया सेल्स मैनेजर है। शोरूम में शैलेश मीना और जसवीर नाम के कर्मचारी काम पर रखे हुए हैं। उन्होंने शोरूम में काम करने के दौरान कपड़े खरीदने के लिए आए ग्राहकों को बगैर बिल कपड़े बेच दिए और उनसे मिलने वाले रुपए अपने पास रख लिए और शोरूम में जमा नहीं करवाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सर्व हिन्दू समाज की बैठक 9 को

**पाली,** (नि.सं.)। हिन्दू महोत्सव समति एवं विश्व हिन्दू परिषद की बैठक सिरेघाट स्थिति पीपा दर्जी समाज भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम रामनवमी शोभायात्रा की चर्चा की गई। प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि 9 मार्च रविवार को सर्व हिन्दू समाज व सामाजिक संगठनों की बड़ी बैठक का आयोजन चादर वाले बालाजी स्थिति अठोशन वाटिका में शाम 6 बजे किया जाएगा। हिन्दू महोत्सव समिति व विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा 85 कार्यकर्ताओ की टीम शोभायात्रा की तैयारी में लगी हुई है। कार्यकर्ताओ के द्वारा बैठक के निमंत्रण कार्ड वितरण किये जा रहे है। बैठक में भीमराज चौधरी, अनिल चौहान,बाबूलाल कुमावत, रामसुख पायक,कैलाश कुमावत,हरीश सोनी,श्रवण भीलवारा,विशन सिंह, रविंद्र चौहान, गौरव शर्मा,रमेश थावानी, दिलीप कुमावत, हेमन्त तनवानी, अशोक बंजारा, सुरेंद्र पूरी, गोविंद मेगवाल, जय अरोड़ा, नंदकिशोर रांकावत, केलाश रांकावत,दुर्गेश चौहान,अशोक बंजारा,लादुराम सोनी,प्रवीण मेवाड़ासहित बैठक में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राज्यपाल आज जोधपुर आएंगे

**जोधपुर,** (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे दो दिवसीय जोधपुर प्रवास के तहत 6 मार्च, गुरुवार को प्रात: 11.30 बजे जोधपुर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल मध्याह्न 12 बजे जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगे। तत्पश्चात वे दोपहर 1.10 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहां उनका दोपहर भोज एवं विश्राम निर्धारित रहेगा तथा सांय 4.30 बजे से 6 बजे तक कार्यक्रम रिज़र्व रहेगा। राज्यपाल शाम 7.50 बजे उम्मेद भवन पैलेस के लिए प्रस्थान करेंगें तथा कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा रात्रि 8.30 बजे वे पुन: सर्किट हाउस पहुंचकर और रात्रि विश्राम जोधपुर सर्किट हाउस ही करेंगे। राज्यपाल बागडे 7 मार्च, शुक्रवार को प्रात: 8.10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे एवं 8.30 बजे राज्य विमान से जैसलमेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बैंक गया मुनीम नहीं लौटा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के मंडोर कृषि मंडी में काम करने वाला एक मुनीम सेठ के रूपए लेकर चंपत हो गया। उसके रिश्तेदारों आदि से बात की गई, मगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आखिरकार सेठ ने महामंदिर थाने में अमानत में खयानत का केस करवा दिया। मुनीम के कोटा में होने की जानकारी पुलिस को दी गई है। शास्त्रीनगर बी सेक्टर 55 में रहने वाले अरविंद अग्रवाल की तरफ से धोखाधड़ी में यह रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह मंडोर कृषि मंडी में मंछाराम रामस्वरूप नाम से फर्म चलाता है। उसकी दुकान पर जितेंद्र जैन नाम का मुनीम रखा हुआ था। 28 दिसम्बर 24 को उसने मुनीम जितेंद्र को 21 जनवरी को 5350 रूपए जमा कराने भेजा पावटा स्थित निजी बैंक में भेजा था। मगर वह वापिस नहीं लौटा। उसके रिश्तेदारों आदि से बातचीत की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे। वह रूपए लेकर चंपत हो गया।

### मंदिरों में फाग उत्सव की धूम

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर के मंदिरों में इन दि नों फागुन महीना के चलते विभिन्न मंदिरों में रोजाना महिलाओं के फाग उत्सव हो रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को धान मंडी स्थित जगदीश मंदिर वह कुमारो का बास स्थित इच्छापूर्ति बालाजी मंदिर में भी फाग उत्सव का आयोजन हुआ, जहां बच्चों ने राधा कृष्ण का रूप रचा। महिलाओं ने आज बिरज में होली रे रसिया, रंग मत डालो रे सांवरिया, जिनी जिनी उड़े रे गुलाल ठाकुर जी के मंदिर में सरीके के भजनों पर फूलों की होली खेली,। एक दूसरे पर गुलाल भी लगाई। इस मौके पर भाग्यवंती गहलोत, पुष्पा परिहार, गोगी बाई, प्रेमलता, मंजू, आदि महिला मौजूद थी, इसी क्रम में 7 तारीख को श्याम मंदिर में फाग उत्सव होगा।

### शेखावत आज जोधपुर आयेंगे

**जोधपुर,** (कासं)। केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत गुरूवार जोधपुर आयेंगे। गजेन्द्र सिंह शेखावत गुरूवार, 6 मार्च को प्रात: 11.50 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचकर मध्याह्न 12.20 बजे अजीत कॉलोनी जायेंगे। वे जोधपुर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम जोधपुर में करेंगे। शेखावत शुक्रवार, 7 मार्च को प्रात: 8.20 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा प्रात: 8.50 बजे दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्**
**राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर**
प्रशासनिक खण्ड, नागौर रोड़, कडवड़, जोधपुर-342037
Web side: www.raujodhpur.org, E-mail: regrau-jod-rj@nic.in Ph. 0291-2795312, Fax : 0291-2795302

**आवश्यक अस्थायी आधार (UTB)/समेकित वेतन आधार पर यू.टी.बी. पर भर्ती हेतु Walk In Interview विज्ञापन**

डॉ. एस आर राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के संघटक आयुर्वेद /होम्योपैथी/ यूनानी एवं योग नैचुरोपैथी महाविद्यालयों में प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर व अन्य पदों को आवश्यक अस्थायी आधार (UTB) के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मासिक पारिश्रमिक पर 01 वर्ष हेतु, स्थायी नियुक्ति अथवा अग्रिम आदेश तक ( जो भी पहले हो ) नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 11.03.2025 से 30.03.2025 के मध्य आमंत्रित किये जाते है। उक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश/शर्ते/नियम/शैक्षणिक योग्यता इत्यादि सम्पूर्ण विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट https://rauonline.in/ पर दिनांक 11.03.2025 से उपलब्ध रहेंगे।